



# 100 जांबाज पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित, दबंग थाना प्रभारियों सहित कई अधिकारी चयनित



**विश्वनाथ श्रीवास**

**भिंड, 12 दिसम्बर।** मप्र पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने प्रदेशभर में उत्कृष्ट पुलिसिंग, ईमानदार कार्यशैली और उल्लेखनीय उपलब्धियों के आधार पर 100 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने का फैसला लिया है। इन चुनिंदा अधिकारियों में मुरैना और भिंड जिलों के कई जांबाज और चर्चित पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी कार्यशैली से विभाग में अलग पहचान बनाई है।


मुरैना से इंस्पेक्टर दीपेंद्र यादव का नाम प्रमुखता से शामिल:मुरैना जिले के थाना बामौर प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र यादव को उनकी सादगी, जनता से सहजता, स्वच्छ छवि और अपराध नियंत्रण में प्रभावी पुलिसिंग के लिए सूची में प्रमुख स्थान दिया गया है। यादव ने कई संगीन मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा है। **भिंड से दबंग दरोगा अतुल भदौरिया सहित कई अधिकारी होंगे सम्मानित:**भिंड जिले से बरोही थाना प्रभारी अतुल भदौरिया, जिन्हें प्रदेशभर में दबंग दरोगा के नाम से पहचाना जाता है, को बेखौफ कार्रवाई, अपराधियों में भय पैदा करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा भिंड जिले से जिन अधिकारियों का चयन किया गया है, उनमें ऊमरी थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह, भारौली थाना प्रभारी गिरीश शर्मा, एसआई देवीदीन अनुरागी, नयागांव थाना प्रभारी वैभव तोमर, साइबर सेल प्रभारी सत्यवीर सिंह, प्रधान आरक्षक गुरदास सोढ़ी (देहात थाना) शामिल हैं। प्रधान आरक्षक गुरदास सोढ़ी, अपनी बेबाक, निडर और ईमानदार कार्यशैली के कारण हमेशा सुर्खियों में रहे हैं।

**अन्य जांबाज भी होंगे सम्मानित:**सम्मानित होने वाले अन्य नामों में अभिषेक यादव, दीपक राजावत, आरक्षक सतेन्द्र यादव, राहुल और महेश शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा दी है। इन सभी अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई, तकनीकी पुलिसिंग और जनता से बेहतर संवाद स्थापित कर अपनी पहचान बनाई है।

**पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल:**डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा घोषित इस सम्मान ने पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया है।

चुनिंदा सूची में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का कहना है कि यह सम्मान उनके मनोबल को और मजबूत करेगा तथा वे आगे भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और तत्परता के साथ जनता की सुरक्षा के लिए कार्य करते रहेंगे। प्रदेशभर में इस घोषणा की व्यापक चर्चा है और इसे पुलिसकर्मियों की मेहनत व समर्पण का सम्मान माना जा रहा है।

# दुकान में लगी भीषण आग, 4-5 लाख का माल राख



**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 12 दिसम्बर।** गुरुवार शाम लहार कस्बे के पुराने बाजार में स्थित एक रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया। घटना में दुकान में रखा करीब 4 से 5 लाख रुपए का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। शुरुआती जांच में आग का कारण शॉर्टसर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शाम करीब 7 बजे कर्मवीर कुशवाह अपनी दुकान में ही मौजूद थे। तभी अचानक शॉर्टसर्किट से चिंगारी निकली और कुछ ही सेकंड में आग भड़क उठी। कर्मवीर ने में खुद आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन बढ़ती लपटों के सामने वे असहाय हो गए।

कर्मवीर कुशवाह तुरंत दो किलोमीटर दूर स्थित लहार थाने पहुंचे, जहां फायर ब्रिगेड मौजूद रहती है। उन्होंने बताया कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे देर से मौके पर पहुंची। इस देरी पर दुकानदार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि समय पर फायर ब्रिगेड आती तो नुकसान कम हो सकता था।

जब तक वे वापस दुकान पहुंचे, तब तक आग पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले चुकी थी। दुकान में रखे रेडियो, स्पीकर, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स सहित हजारों का स्टॉक कुछ ही मिनटों में जलकर राख हो गया। आग की सूचना फैलते ही बाजार की सभी दुकानें बंद करा दी गईं और आसपास के लोग सुरक्षित स्थानों पर हटाए गए। घटना गंभीर होती देख लहार एसडीएम विजय यादव ने तुरंत मामले को संज्ञान में लिया। उनकी निर्देश पर दबोह, आलमपुर, मिहोना और रौन से अतिरिक्त फायर ब्रिगेड वाहन तुरंत लहार भेजे गए। चारों स्थानों से पहुंची फायर ब्रिगेड टीमों ने करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत की। भारी मात्रा में उठती लपटों और धुएं के बीच संयुक्त प्रयासों से आखिरकार आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दुकान का लगभग पूरा सामान जल चुका था। फिलहाल राजस्व विभाग और पुलिस की टीम नुकसान का आकलन कर रही है। प्राथमिक अनुमान 4-5 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। पुलिस शॉर्टसर्किट की पुष्टि और फायर ब्रिगेड देरी के आरोपों की भी जांच करेगी।

# डेफ खातों को पुन: संचालित करने के लिए बैठक



## एक सप्ताह में 5 करोड़ रुपए के खाते सक्रिय करने का लक्ष्य


**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 12 दिसम्बर।** देशव्यापी अभियान 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में डेफ खातों को पुन: संचालित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर महेंद्र सिंह सौजन्या ने की, जिसमें आरबीआई के प्रतिनिधि सौम्यदीप चटर्जी, एलडीएम जितेंद्र कुमार, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अकाउंटेंट उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में आरबीआई के सौम्यदीप चटर्जी ने देशभर में डेफ खातों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 78 हजार करोड़ रुपए देश में निष्क्रिय डेफ खातों में जमा हैं। खाताधारकों तक उनकी पूंजी वापस पहुंचाने के उद्देश्य से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात से इस अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि भिंड जिले के विभिन्न सरकारी विभागों के लगभग 13 करोड़ रुपए डेफ खातों में जमा हो चुके हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए बैंकों द्वारा विभागों को डेफ खातों की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा इन्हें फिर से ऑपरेटिव करने की विस्तृत प्रक्रिया (रोडमैप) समझाई गई। बैठक में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया कि कम से कम 5 करोड़ रुपए के डेफ खातों को एक सप्ताह के भीतर पुन: संचालित किया जाएगा। बैंक अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि यह लक्ष्य समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही निर्णय लिया गया कि सभी बैंक जल्द से जल्द विभागों को डेफ खातों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराएंगे, ताकि खातों को सक्रिय करने की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो सके। डिप्टी कलेक्टर महेंद्र सिंह सौजन्या ने अभियान की गंभीरता पर जोर देते हुए सभी विभागों एवं बैंकों को आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल सरकारी विभागों के लिए, बल्कि आम जनता की पूंजी को सुरक्षित रूप से वापस दिलाने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

# डंपर ने वाहनों को रौंदा, स्कूटी सवार की मौत

## भिंड-इटावा रोड स्थित एसएएफ 17वीं बटालियन की बाउंड्री तोड़कर अंदर घुसा वाहन, डंपर चालक फरार



**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 11 दिसम्बर।** इटावा रोड पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार और लापरवाही का खौफनाक नजारा देखने को मिला। करीब रात 12:30 बजे एक अनियंत्रित डंपर ने स्कूटी और बाइक को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि भारी गिट्टी से भरा डंपर एसएएफ की 17वीं बटालियन की बाउंड्रीवॉल तोड़ते हुए भीतर घुस गया और पेड़ से टकराकर रुका। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है। डंपर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कुरथरा रोड निवासी भगवानसिंह वर्मा (40) अपनी स्कूटी से भिंड की ओर आ रहे थे। उनके पीछे जोशी नगर निवासी किशोरी लाल (56) बाइक से आ रहे थे। दोनों सामान्य गति से आगे बढ़ रहे थे तभी इटावा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर अचानक रॉन्ग साइड में आ गया। बताया जा रहा है कि डंपर की स्पीड लगभग 70 से 80 किमी प्रतिघंटा थी। सबसे पहले भगवानसिंह वर्मा स्कूटी सहित डंपर की चपेट में आए। इससे पहले कि डंपर रुके, वह पीछे से आ रहे किशोरी लाल की बाइक से भी भिड़ गया। दोनों सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर अनियंत्रित होकर सीधे एसएएफ की 17वीं बटालियन के मुख्य गेट के पास बनी बाउंड्रीवाल से टकराया। दीवार पूरी तरह टूट गई और वाहन अंदर घुस गया। डंपर एक बड़े पेड़ से जा भिड़ा, जिससे पेड़ भी टूटकर जमीन पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भगवानसिंह वर्मा को मृत घोषित कर दिया। उनका शव पीएम हाउस में रखवाया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल किशोरी लाल को प्राथमिक इलाज बाद हालत नाजुक देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया गया। परिजनों के अस्पताल पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया।

कोतवाली पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर डंपर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि वाहन नंबर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डंपर चालक की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में रॉन्ग साइड से आना और तेज रफ्तार हादसे का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने कहा है कि चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# आज होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन, 23 खंडपीठ होंगी कार्यरत



**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 12 दिसम्बर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को संपूर्ण भिंड जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त आदेशों के परिपालन में जिला न्यायालय भिंड में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के.एस. बारिया के निर्देशन तथा सचिव सुश्री अनुभूति गुप्ता के मार्गदर्शन में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

जिला मुख्यालय भिंड सहित न्यायिक तहसील मेहगांव, गोहद और लहार के न्यायालयों में एक साथ लोक अदालतें लगेंगी। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के मामलों का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया जाएगा। इनमें शमनीय आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस (धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावे, वैवाहिक विवाद, दीवानी मामले, जलकर, संपत्ति कर एवं विद्युत संबंधी मामले, प्री-लिटिगेशन प्रकरण (मुकदमा पूर्व) तथा न्यायालयों में लंबित अन्य राजीनामा योग्य मामलों को शामिल किया गया है। लोक अदालत के प्रभावी संचालन के लिए कुल 23 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला मुख्यालय भिंड में 09 खंडपीठ, मेहगांव में 04 खंडपीठ, लहार में 05 खंडपीठ,

गोहद में 05 खंडपीठ। लोक अदालत में विद्युत, जलकर एवं संपत्ति कर से जुड़े मामलों में शासन के नियमानुसार छूट भी प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवादों का समाधान होता है, जिससे कटुता समाप्त, समय व धन की बचत तथा सद्भावना और भाईचारे का वातावरण निर्मित होता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिंड ने जनसामान्य से अपील की है कि 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने लंबित प्रकरणों का शीघ्र, सरल और सौहार्दपूर्वक निराकरण कर लाभ प्राप्त करें।



# ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ, महिलाओं को रोजगार व आत्मनिर्भरता की नई राह

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 12 दिसम्बर।** शहर की हाउसिंग कॉलोनी स्थित कान्हा होटल के सेकंड फ्लोर पर शुक्रवार को 'लुक्स ब्यूटी पार्लर' का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी शैलेष सिंह ने रिबन काटकर पार्लर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्रीमती दुर्गा यादव, पार्लर के संचालक रजत मिश्रा सहित शहर के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेष सिंह ने कहा कि शहर में इस तरह के आधुनिक पार्लर का प्रारंभ स्थानीय महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आएगा। पार्लर के संचालक रजत मिश्रा ने बताया कि 'लुक्स ब्यूटी पार्लर' में सौंदर्य एवं स्किन-केयर से जुड़ी आधुनिक और उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के साथ-साथ भविष्य में महिलाओं के लिए स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू करने की योजना भी है, जिससे उन्हें पेशेवर रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

## हादसे में जख्मी युवक की मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

**मुरैना, 12 दिसंबर।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र में विगत 16 नवंबर को बाइक क्रं. एमपी06-एमवाय-7237 के चालक ने ग्राम बनवारा रोड पर सियाराम केवट 45 पुत्र श्यामलाल केवट निवासी मूलचंद्र का पुरा को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था। अस्पताल में इलाज के दौरान सियाराम की मौत हो गई थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

वहीं दारू के लिए पैसे न देने पर लाइब्रेरी संचालक को पीटा। पोरसा कस्बे की दीनदयाल वाली गली में संचालित गुरूकृपा लाइब्रेरी के संचालक पवन शर्मा 25 पुत्र गिरीश शर्मा निवासी औरेठी की 11 दिसंबर को दारू के लिए पैसे न देने पर भोलू तोमर ने लाइब्रेरी में घुसकर गालियां देते हुए मारपीट कर डाली।

# आंगनबाड़ी सहायिका समाज की रीढ़ हैं : मंत्री शुक्ला

## मंत्री ने 35 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया



**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 12 दिसम्बर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में महिला एवं बाल विकास विभाग की नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मेहगांव के राधा वल्लभवम रिसोर्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने सर्वप्रथम ब्लॉक मेहगांव एवं गोरमी की नवनियुक्त 35 आंगनबाड़ी सहायिकाओं पर पुष्प वर्षा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने नवनियुक्त सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी। मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि आप न केवल सहायिकाएं हैं, बल्कि समाज की रीढ़ हैं। गांव-गांव पहुंचकर आप जागरूकता फैलाएंगी, बच्चों को पढ़ाएंगी और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगी। सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना आपका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज 35 बेटियों को रोजगार मिला है, जो आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा। चुनौतियों का सामना करते हुए ईमानदारी से कार्य करें, सरकार आपके हर कदम पर साथ है। उन्होंने कहा कि आपकी नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों को नई ऊर्जा मिलेगी, आप सभी गांवों की धुरी बनेंगी। शिक्षा के माध्यम से बच्चों को सशक्त बनाएंगी, स्वास्थ्य जागरूकता फैलाएंगी और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में योगदान देंगी

# कांग्रेस महारैली जनता की आवाज को मजबूत करेगी- गुर्जर



**नवभारत न्यूज**

**भिंड/मेहगांव, 12 दिसम्बर।** दिल्ली में 14 दिसंबर को होने बाली बोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारी को लेकर शुक्रवार को अटेर विधानसभा कांग्रेस कार्यालय में अटेर विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस बैठक में जिला ओर विधानसभा स्तर के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी, ओर कार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक में मुख्य रूप से अटेर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर उपस्थि रहे इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में यह महारैली जनता की आवाज को मजबूत करने बाला एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा आम जनता को दी गई संविधान की सबसे बड़ी ताकत वोट के अधिकार है । उन्होंने अटेर विधानसभा अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस नेताओं कार्यकताओं एवं आम लोगों की भागदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया अटेर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद बघेल ने कहा भाजपा सरकार में किसान मजदूर व्यापारी सभी परेशान हैं उन्होंने कहा 14 दिसंबर को दिल्ली मे भाजपा सरकार के नीतियों के खिलाफ एक ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें अटेर विधानसभा से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकता पहुंचेंगे,इस अवसर पर अटेर विधानसभा प्रभारी नरेन्द्र गुर्जर, अटेर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद बघेल, संगठन मंत्री इरशाद खान,पावई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चतुर सिंह नरवरिया, सुशीला नरवरिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पीथनपुरा मंडलम अध्यक्ष लक्ष्मन गुर्जर, परा मंडलम अध्यक्ष जितेंद्र बोहरे, राजेश शर्मा जवासा मंडलम अध्यक्ष बलराम यादव, जिला महासचिव प्रदीप गुर्जर,रेखा नरवरिया,श्यामू भदौरिया, रामवीर यादव, ध्यानेंद्र बोहरे, रामदुलारे नरवरिया, रामनिवास शर्मा, आदि उपस्थित रहे

# अटेर एसडीएम ने छात्रावास और लोक सेवा केंद्र का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 12 दिसम्बर।** एसडीएम अटेर शिवांगी अग्रवाल ने शुक्रवार को शासकीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास अटेर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में मौजूद व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और बच्चों की



उपस्थिति रजिस्टर, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, तथा आवासीय सुविधाओं की स्थिति की जांच की। एसडीएम ने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और छात्रावास अधीक्षक को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छात्रावास में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छ वातावरण पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्रावास निरीक्षण के बाद एसडीएम शिवांगी अग्रवाल ने लोक सेवा केंद्र अटेर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में आने वाले आम नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की स्थिति देखी तथा कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों को शीघ्रता से निराकृत करने और लोगों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सरकारी संस्थाओं का उद्देश्य जनता को सुविधाएं प्रदान करना है, इसलिए सभी विभाग समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य करें।

## गौसेवकों ने मानदेय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 12 दिसंबर।** गौसेवकों ने गोसेवक मैत्री संघ के तत्वाधान में उपसंचालक पशुपालन डेयरी विभाग मुरैना के नाम ज्ञापन एव्हीएफओ सोनपाल सिंह को सौपा। जिसमें नि: शुल्क सेवा करने की मनाही करते हुए वेतन मानदेय लेने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अरविंद शर्मा, जिलाध्यक्ष निहाल सिंह भदौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह तोमर, अंकेश सिंह तोमर, नीरज सिंह तोमर, अनिल सिंह, शैलेंद्र सिंह, मंगेश सिंह, रवि करोरिया, जगरूप सिंह, विनोद शर्मा, कृष्णकुमार तोमर, अमित श्रीवास आदि मौजूद रहे।